बिहार सरकार

# समाहरणालय, मुज़फ्फरपुर

ई-मेल-dm-muzaffarpur.bih@nic.in वेबसाइट-muzaffarpur.bih.nic.in दूरभाष/फैक्स-0621-2223010

पत्रांक- (जिला भूमि सुधार प्रशाखा) दिनांक -

प्रेषक,

समाहर्त्ता,
मुजफ्फरपुर।

सेवा में,

अध्यक्ष,
बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद,
पटना।

विषयः– माननीया श्रीमती निवेदिता सिंह, स०वि०प० द्वारा दिनांक–17.03.2022 को बिहार विधान परिषद् में पूछा जाने वाला ध्यानाकर्षण प्रश्न का उत्तर सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– प्रभारी सचिव–सह–उप विधि परामर्शी, विधि विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2284/जे० दिनांक–16.03.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में माननीया श्रीमती निवेदिता सिंह, स०वि०प० द्वारा दिनांक–17.03.2022 को बिहार विधान परिषद् में पूछा जाने वाला ध्यानाकर्षण प्रश्न का उत्तर सामग्री निम्नवत हैः–

| क्र० | प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|---|
| 1 | बिहार राज्य धार्मिक न्यास के मठ/मंदिरों के निबंधित/अनिबंधित/अतिक्रमित न्यायालय वाद से संबंधित जिलावार खाता, खेसरा, रकवा उपलब्ध है | मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत अंचल अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदनानुसार बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद से निबंधित परिसम्पत्तियों की संख्या–187 है तथा कुल रकवा लगभग–660 एकड़ है। |
| 2 | धार्मिक न्यास के अर्न्तगत मठ मंदिरो की वैसी जमीन जिसपर अवैध कब्जा एवं बिकी किया गया है, उसकी पुरी सूची खाता,खेसरा, रकवा सहित उपलब्ध कराया जाये। | बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद से चिन्हित/सर्वेक्षित मठ/मंदिर की भूमि का मापी कार्य प्रगति पर है। तत्पश्चात् अवैध रूप से पाए जाने वाले अतिक्रमणकारियों को नियमानुसार अतिकमण मुक्त करा दी जाएगी। |
| 3 | धार्मिक न्यास से निबंधित मठ/मंदिरो की बिकी पर क्या रोक लगाई गयी है ? | बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद से निबंधित परिसम्पत्तियों का मापी होने के पश्चात् अतिकमण हटाने एवं निबंधन पर रोक लगाने की कार्रवाई जाएगी। |

कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

ह०/-
समाहर्त्ता,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक–1212/भू०सु०,मुज० दिनांक–16/3/22

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्रभारी सचिव–सह–उप विधि परामर्शी, विधि विभाग, बिहार, पटना को उनके पत्रांक–2284/जे० दिनांक–16.03.2022 के प्रसंग में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आयुक्त के सचिव, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के ज्ञापांक–692 दिनांक–16.03.2022 के प्रसंग में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– जिला अवर निबंधक मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

समाहर्त्ता,
मुजफ्फरपुर।
16/3/22

Scanned with CamScanner